बिहार लोक सेवा आयोग
15, नेहरू पथ (बेली रोड), पटना–800001

विज्ञापन संख्या–02/2020, परियोजना प्रबंधक मुख्य (लिखित)
प्रतियोगिता परीक्षा हेतु
उम्मीदवारों के लिए विस्तृत सूचना

1. इस परीक्षा में उम्मीदवारों को औपबंधिक रूप से प्रवेश की अनुमति दी गयी है। उनकी पात्रता के संबंध में अंतिम निर्णय साक्षात्कार के समय आवेदन में अंकित तथ्यों की विधिवत् जाँच/सत्यापन के पश्चात् किया जा सकेगा।
2. **उम्मीदवार निर्धारित परीक्षा के केन्द्र पर परीक्षा प्रारंभ होने (9:30AM) से दो घंटा पूर्व अर्थात् 7:30AM बजे पहुँच जाएँ। परीक्षा केन्द्र में 7:45AM से प्रवेश की अनुमति दी जायगी तथा 8:30 बजे पूर्वाह्न के बाद किसी भी परिस्थिति में किसी भी छात्र को अनुमति नहीं दी जायगी।**
3. **वैकल्पिक विषयों (Optional Subjects) के लिए विषयवार अलग–अलग Scientific Calculator और Simple Calculator ले जाने की छूट होगी, जो विषय के सम्मुख निम्न प्रकार अंकित है:–**
   (i) Mechanical Engineering - Scientific Calculator
   (ii) Electrical Engineering -Scientific Calculator
   (iii) Metallurgical Engineering - Scientific Calculator
   (iv) Electronics and Tele Communication Engineering- Scientific Calculator
4. **उपरोक्त विषय में Scientific Calculator का प्रयोग किया जा सकता है, जबकि अन्य विषय में Simple Calculator** उपयोग किया जायगा।
5. **उम्मीदवार यदि चाहे तो मुख्य परीक्षा में शेष वैकल्पिक विषयों (Optional Subjects) के लिए Simple Calculator** का प्रयोग कर सकते है। **परीक्षा भवन में Calculator का आदान– प्रदान पूर्णतया वर्जित है।**
6. परीक्षा केन्द्र परिसर जहाँ परीक्षा होनी है, में परीक्षार्थी अपने साथ ब्लू/ब्लैक बॉल प्वाईंट पेन के अतिरिक्त कोई अन्य सामग्री न लाएँ, यथा; मोबाईल, ब्लुटुथ वाई–फाई, इलेक्ट्रॉनिक पेन, पेजर, स्मार्ट वॉच (किसी भी प्रकार की घड़ी) आदि जैसी इलेक्ट्रॉनिक सामग्री तथा Whitener/ Blade/Eraser आदि पाये जाने पर संबंधित अभ्यर्थी की उम्मीदवारी रद्द कर दी जायेगी। इसका उल्लंघन करने पर उनके विरूद्ध विधिसम्मत् कड़ी कार्रवाई की जायेगी।
7. उम्मीदवारों द्वारा उत्तर पुस्तिका पर प्रश्न का अंक और उत्तर के अतिरिक्त उत्तर पुस्तिका में अन्यथा कोई भी धार्मिक चिह्न/नाम/रेखांकन करने/रंगीन स्याही/हाईलाइटर स्याही से रेखांकित करना, प्रश्नोत्तर समाप्त होने पर किसी प्रकार का चिह्न, पृष्ठों के अंत में चिह्न यथा; "PTO"/"KTO"/"कृ०पृ०उ०" न दें। ऐसा करने से आपकी उत्तर पुस्तिका को रद्द किया जा सकता है।

13.10.22

परीक्षा नियंत्रक,
बिहार लोक सेवा आयोग, पटना